Directions (1-2): **नीचे दिए गए प्रश्न में, कुछ कथन दिए गए हैं जिनके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं, जिन्हें I और II क्रमांकित किया गया है। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा निष्कर्ष, सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों को अनदेखा करते हुए, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है

(d) यदि न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है

(e) यदि दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं

**Q1. कथन:**

केवल कुछ ही फल, पौष्टिक हैं

सभी फल, स्वस्थ हैं

**निष्कर्ष:**

I. कुछ स्वस्थ, पोषण हैं

II. किसी फल के पोषण नहीं होने की संभावना है

**Q2. कथन:**

कुछ शीट, कागज़ नहीं हैं

सभी शीट, हरी हैं

**निष्कर्ष:**

I. कुछ हरे, कागज़ नहीं हैं

II. सभी कागज़ों के हरे होने की संभावना है

**Q3.** नीचे दिए गए प्रश्न में, कुछ कथन दिए गए हैं जिनके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं, जिन्हें I और II क्रमांकित किया गया है। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा निष्कर्ष, सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों को अनदेखा करते हुए, **तार्किक रूप से** दिए गए कथनों का **अनुसरण नहीं करता है**।

**कथन:**

केवल कुछ कारें, तेज़ हैं

कुछ तेज़, इलेक्ट्रिक हैं

सभी इलेक्ट्रिक, शांत है

**निष्कर्ष:**

I. कुछ कारें, इलेक्ट्रिक हैं

II. कुछ तेज़, शांत हैं

III. कोई भी कार, शांत नहीं है

(a) केवल I और III

(b) केवल I

(c) केवल II

(d) केवल II और III

(e) केवल III

Directions (4-8): **दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें।**

आठ व्यक्ति – A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार व्यक्ति कोनों पर अंदर की ओर मुख करके बैठे हैं, जबकि अन्य चार व्यक्ति प्रत्येक भुजा के मध्य में बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। जरूरी नहीं कि सभी जानकारी इसी क्रम में हो।

H और D के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। D का मुख अंदर की ओर है। B, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। G, B से तीन स्थान दूर बैठा है। A, G के ठीक दाईं ओर बैठा है। G के दाईं ओर गिनने पर G और D के बीच उतने ही व्यक्ति बैठे हैं जितने C के दाईं ओर गिनने पर E और C के बीच बैठे हैं।

**Q4. निम्न में से कौन C के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है?**

(a) A

(b) G

(c) D

(d) E

(e) H

**Q5. F के बाएं से गिनने पर F और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) चार

**Q6. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

I. A एक कोने पर बैठा है

II. C का मुख बाहर की ओर है

B का निकटतम पड़ोसी है

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) केवल I और II

(d) केवल II और III

(e) केवल III

**Q7. निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं।**
**निम्न में से कौन उस समूह से संबंधित नहीं है?**

(a) A

(b) B

(c) D

(d) F

(e) H

**Q8. E के सापेक्ष में D का स्थान क्या है?**

(a) ठीक बाएँ

(b) ठीक दाएँ

(c) बाएँ दूसरा

(d) दाएँ से तीसरा

(e) विपरीत

Directions (9-13): निम्नलिखित तीन अक्षर वाली शब्द श्रृंखला का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

**APE MEK SIP CUP HBN**

**Q9. यदि प्रत्येक शब्द के पहले अक्षर से पहले 'C' जोड़ दिया जाए, तो कितने सार्थक शब्द बनेंगे?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) चार

**Q10. यदि शब्दों के भीतर अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में बाएं से दाएं व्यवस्थित किया जाए, तो कितने शब्द स्वर से शुरू होंगे?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) चार

**Q11. यदि प्रत्येक शब्द के सभी व्यंजनों को उनके ठीक उत्तरवर्ती अक्षर से बदल दिया जाए, तो कितने शब्दों में एक से अधिक स्वर होंगे?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) चार

**Q12. यदि सभी शब्दों को शब्दकोश के अनुसार बाएं से दाएं क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाएं छोर से दूसरा शब्द कौन सा होगा?**

(a) APE

(b) MEK

(c) CUP

(d) HBN

(e) SIP

**Q13. यदि प्रत्येक शब्द के भीतर सभी अक्षर उल्टे वर्णमाला क्रम में लिखे गए हों, तो दाएँ छोर से चौथे शब्द का दूसरा अक्षर क्या होगा?**

(a) E

(b) K

(c) P

(d) M

(e) I

**Q14. 'OPTICAL'** शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं जिनके बीच अक्षरों की संख्या (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) उतनी ही है जितनी अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच होती है?

(a) एक

(b) दो

(c) कोई नहीं

(d) तीन

(e) चार

Directions (15-17): **इस प्रश्न में, कथनों में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है। कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों के आधार पर निष्कर्षों का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें:**

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है

(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है

(d) यदि निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं

(e) यदि न तो निष्कर्ष I न ही II सत्य है

**Q15. कथन:** $J \geq Z > L \leq X = N < O$

**निष्कर्ष:**

I. $L \leq O$

II. $J > N$

**Q16. कथन:** $R > B = C \leq D > E < F = G$

**निष्कर्ष:**

I. $B \leq F$

II. $E < G$

**Q17. कथन:** $D > S < T = O \leq V = W$

**निष्कर्ष:**

I. $S < W$

II. $W \geq T$

Directions (18-20): **दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार में आठ व्यक्ति - A, B, C, D, E, F, G और H हैं। D, E का ब्रदर-इन-लॉ है। C, E का इकलौता पुत्र है। H, C का सहोदर है, लेकिन H की कोई संतान नहीं है। B, A का पोता/नाती है। A एक महिला है। D का कोई सहोदर नहीं है। F भी परिवार का सदस्य है। परिवार में कोई एकल अभिभावक नहीं है। A और F का D से विवाह नहीं हुआ है।

**Q18. H, G से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) अंकल

(b) आंट

(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(d) भतीजी/भांजी

(e) भतीजा/भांजा

**Q19. परिवार में कितनी महिला सदस्य हैं?**

(a)दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20. F, B से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) दादी/नानी

(b) माता

(c) दादा/नाना

(d) पिता

(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

Directions (21-25): **दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:**

छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक तीन मंजिला इमारत की विभिन्न मंजिलों पर रहते हैं, तथा इमारत में सबसे निचली मंजिल को 1, उसके ठीक ऊपर वाली मंजिल को 2 और सबसे ऊपरी मंजिल को 3 के रूप में क्रमांकित किया गया है। प्रत्येक मंजिल पर दो फ्लैट अर्थात् फ्लैट P और फ्लैट Q हैं (फ्लैट P, फ्लैट Q के पश्चिम में स्थित है)। प्रत्येक मंजिल पर प्रत्येक फ्लैट में केवल एक व्यक्ति रहता है।

B उस फ्लैट में रहता है जो D के फ्लैट के ठीक ऊपर है। C और B आसन्न मंजिलों पर नहीं रहते हैं। F का फ्लैट, C के फ्लैट के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। A, F के पूर्व में रहता है।

**Q21. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य *नहीं है?***

I. E फ्लैट P में रहता है

II. A और B फ्लैट Q में रहते हैं

III. D और E समान मंज़िल पर रहते हैं

(a) केवल II

(b) केवल I और II

(c) केवल III

(d) केवल II और III

(e) केवल I

**Q22. F किस फ्लैट में और किस मंजिल पर रहता है?**

(a) फ्लैट P, मंज़िल 3

(b) फ्लैट P, मंज़िल 1

(c) फ्लैट Q, मंज़िल 2

(d) फ्लैट Q, मंज़िल 3

(e) फ्लैट पी, मंजिल 2

**Q23. निम्न में से कौन फ्लैट Q, मंज़िल 3 में रहता है?**

(a) A

(b) E

(c) F

(d) D

(e) C

**Q24. निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन गलत है?**

(a) B – मंजिल 2

(b) A – फ्लैट Q

(c) D – फ्लैट P

(d) C – मंज़िल 1

(e) E – मंजिल 1

**Q25. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी निश्चित तरीके से समान हैं और एक समूह बनाते हैं, निम्नलिखित में से कौन उस समूह से संबंधित नहीं है?**

(a) F

(b) A

(c) D

(d) E

(e) B

Directions (26-28): **दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:**

निश्चित संख्या में कुछ व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। P और Q के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं। R, P के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। R और S के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। T, S के बाईं ओर पाँचवें स्थान पर बैठा है। U, T के ठीक दाईं ओर और किसी एक छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। V, R के ठीक दाईं ओर बैठा है। S के बाईं ओर बैठे व्यक्तियों की संख्या, V के दाईं ओर बैठे व्यक्तियों की संख्या के बराबर है।

**Q26. निम्नलिखित में से कौन V के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है?**

(a) Q

(b) S

(c) U

(d) T

(e) P

**Q27. पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) 18

(b) 15

(c) 17

(d) 21

(e) 20

**Q28. U और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) सात

(b) छह

(c) पाँच

(d) आठ

(e) दस

**Q29.** संख्या **'628651924'** में , यदि सभी अंकों को बाएं से अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो बाएं छोर से तीसरे, पांचवें और सातवें अंक का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 10

(b) 11

(c) 12

(d) 13

(e) 14

**Q30.** यदि हम शब्द **"PHENOMENA"** के बाएँ छोर से पहले, तीसरे, पाँचवें और आठवें अक्षर का उपयोग करके (प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करके) चार अक्षरों वाला एक सार्थक शब्द बनाते हैं, तो उस सार्थक शब्द के दाएँ छोर से दूसरा अक्षर क्या होगा? यदि कोई सार्थक शब्द नहीं बनता है, तो उत्तर के रूप में X अंकित करें। यदि एक से अधिक सार्थक शब्द बनते हैं, तो उत्तर के रूप में Z अंकित करें।

(a) O

(b) N

(c) X

(d) P

(e) Z

Directions (31-35): **दी गई श्रृंखला को ध्यानपूर्वक पढ़ें और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:**

**5 8 % 3 7 # 1 & 9 2 * 6 @ 4 ! 0 $ 7 ^ 3 5 & 8 #**

**Q31. दाएँ छोर से सातवें स्थान पर स्थित तत्व के बाईं ओर से पाँचवाँ तत्व कौन सा है?**

(a) 2

(b) &

(c) 9

(d) 6

(e) @

**Q32. @ के दाईं ओर के अंकों का योग क्या है?**

(a) 27

(b) 28

(c) 31

(d) 22

(e) 25

**Q33. दाएँ छोर से पाँचवें अंक के बाईं ओर चौथा प्रतीक कौन सा है?**

(a) !

(b) &

(c) #

(d) @

(e) *

**Q34. बाएं छोर से छठे तत्व और दाएं छोर से नौवें तत्व के ठीक बीच में कौन सा तत्व स्थित है?**

(a) 9

(b) 6

(c) 2

(d) *

(e) @

**Q35. ऐसे कितने अंक हैं जिनके ठीक पहले एक अंक और ठीक बाद एक प्रतीक आता है?**

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

(e) कोई नहीं

Directions (36-40): **दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:**

सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G सोमवार से शुरू होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिनों में फल खरीदते हैं। व्यक्तियों की जानकारी का उपयोग उसी तरह नहीं किया गया है जैसा कि दिया गया है।

B के बाद चार से अधिक व्यक्ति फल खरीदते हैं। B और E के बीच तीन व्यक्ति फल खरीदते हैं। D, E से ठीक पहले फल खरीदता है। A से पहले और D के बाद फल खरीदने वाले व्यक्तियों की संख्या बराबर है। G, C से पहले लेकिन F के बाद फल खरीदता है।

**Q36. यदि F, B से संबंधित है, A, G से संबंधित है, तो निम्नलिखित में से कौन C से संबंधित है?**

(a) A

(b) F

(c) E

(d) D

(e) G

**Q37. निम्न में से कौन गुरुवार को फल खरीदता है?**

(a) F

(b) G

(c) A

(d) D

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q38. F निम्नलिखित में से किस दिन फल खरीदता है?**

(a) शुक्रवार

(b) मंगलवार

(c) सोमवार

(d) बुधवार

(e) गुरुवार

**Q39. A से पहले कितने व्यक्ति फल खरीदते हैं?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) चार

**Q40. निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन गलत है?**

(a) सोमवार - शुक्रवार

(b) मंगलवार - B

(c) बुधवार – A

(d) शुक्रवार - D

(e) शनिवार – C

Direction (41-45): **नीचे दी गई तालिका में A, B और C द्वारा सोमवार, मंगलवार और बुधवार को बेची गई वस्तुओं को दर्शाया गया है।**

| विक्रेता | सोमवार | मंगलवार | बुधवार |
|---|---|---|---|
| **A** | 98 | 78 | 45 |
| **B** | 100 | 55 | 60 |
| **C** | 22 | 90 | 82 |

**Q41.** सोमवार और मंगलवार को A द्वारा बेची गई वस्तुओं की औसत संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 66

(b) 55

(c) 60

(d) 54

(e) 88

**Q42.** बुधवार को B और C द्वारा बेची गई वस्तुओं के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

(a) 24

(b) 50

(c) 60

(d) 54

(e) 22

**Q43.** मंगलवार को C द्वारा बेची गई वस्तुएँ, मंगलवार को B द्वारा और बुधवार को A द्वारा बेची गई वस्तुओं के योग का कितना प्रतिशत है?

(a) 90

(b) 50

(c) 60

(d) 80

(e) 100

**Q44.** यदि बुधवार को B द्वारा बेची गई दोषपूर्ण और दोषरहित वस्तुओं का अनुपात 1:5 है, तो B द्वारा बेची गई दोषपूर्ण और दोषरहित वस्तुओं के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

(a) 40

(b) 50

(c) 60

(d) 54

(e) 22

**Q45.** मंगलवार और बुधवार को सभी विक्रेताओं द्वारा बेची गई कुल वस्तुओं के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

(a) 24

(b) 36

(c) 48

(d) 60

(e) 90

Direction (46-50): नीचे दिए गए रेखा आलेख में पाँच अलग-अलग विक्रेताओं द्वारा बेचे गए बैगों को दर्शाया गया है। रेखा आलेख को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

**Q46.** B और C द्वारा मिलाकर बेचे गए बैगों का E द्वारा बेचे गए बैगों से अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 17 : 13

(b) 19 : 6

(c) 31 : 19

(d) 11 : 15

(e) 11 : 17

**Q47.** यदि C द्वारा बेची गई बोतलों की संख्या, B द्वारा बेचे गए बैगों की संख्या से 50% अधिक है, तो ज्ञात कीजिए कि C द्वारा बेची गई बोतलें, D द्वारा बेचे गए बैगों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक/कम हैं?

(a) 4

(b) 0

(c) 5

(d) 3

(e) 6

**Q48.** D और E द्वारा मिलाकर बेचे गए बैग, C द्वारा बेचे गए बैग का कितना प्रतिशत है?
(a) 240
(b) 500
(c) 400
(d) 540
(e) 220

**Q49.** A द्वारा बेचे गए कुल बैग में से 55 बैग लाल हैं और शेष बैग नीले हैं। A द्वारा बेचे गए नीले बैग की संख्या, E द्वारा बेचे गए बैग की संख्या से कितनी अधिक/कम है?
(a) 17
(b) 34
(c) 32
(d) 16
(e) 24

**Q50.** A, C और E द्वारा बेचे गए बैगों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 66
(b) 55
(c) 60
(d) 54
(e) 88

**Q51.** एक व्यक्ति ने योजना X और योजना Y में बराबर राशि का निवेश किया। योजना X, 3 साल के लिए 10% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज प्रदान करती है, जबकि योजना Y, 3 साल के लिए 6% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज प्रदान करती है। दोनों योजनाओं से अर्जित कुल साधारण ब्याज 4,800 रुपये है। योजना X में निवेश की गई राशि (रुपये में) ज्ञात कीजिए।
(a) 12000
(b) 10000
(c) 8000
(d) 7500
(e) 16000

**Q52.** रिया और मीना ने मिलकर 6,000 रुपये के कुल निवेश से एक व्यवसाय शुरू किया। 6 महीने बाद मीना ने अपनी पूंजी निकाल ली। वर्ष के अंत में, उनका लाभ-साझाकरण अनुपात बराबर था। रिया का प्रारंभिक निवेश (रुपये में) ज्ञात कीजिए।
(a) 2500
(b) 2000
(c) 1500
(d) 3500
(e) 3000

**Q53.** एक ट्रेन 90 किमी/घंटा की गति से चलते हुए 24 सेकंड में एक प्लेटफॉर्म को पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई ट्रेन की लंबाई से 80 मीटर अधिक है। ट्रेन की लंबाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।
(a) 260
(b) 240
(c) 300
(d) 210
(e) 280

**Q54.** रोहित और अमित की मासिक आय का अनुपात क्रमशः 4:5 है। रोहित अपनी आय का 25% किराए पर, शेष राशि का 20% किराने के सामान पर और शेष राशि का 15% परिवहन पर खर्च करता है। वह अपनी शेष आय बचाता है। यदि रोहित की बचत 9,180 रुपये है, तो अमित की मासिक आय (रुपये में) ज्ञात कीजिए।
(a) 21400
(b) 22000
(c) 22500
(d) 25500
(e) 26000

**Q55.** अर्जुन और करण, इन दो मित्रों की वर्तमान आयु मिलाकर उनके मेन्टर की वर्तमान आयु के बराबर है। चार वर्ष पहले, अर्जुन की आयु उस समय मोंटू की आयु की आधी थी। यदि करण की वर्तमान आयु 25 वर्ष है, तो एक वर्ष बाद मोंटू की आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

(a) 39

(b) 66

(c) 50

(d) 45

(e) 55

**Q56.** P एक काम को 18 दिनों में पूरा कर सकता है, और Q उसी काम को 27 दिनों में पूरा कर सकता है। P, Q और R मिलकर उस काम को 9 दिनों में पूरा कर सकते हैं। ज्ञात कीजिए कि R को अकेले उस काम को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

(a) 54

(b) 60

(c) 48

(d) 44

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q57.** एक दुकानदार घड़ी का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक अंकित करता है और फिर अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है। यदि अर्जित लाभ 60 रुपये है, तो दी गई छूट (रुपये में) ज्ञात कीजिए।

(a) 380

(b) 400

(c) 420

(d) 450

(e) 520

**Q58.** एक मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 3:2 है। मिश्रण की कुल मात्रा 40 लीटर है। यदि मिश्रण में x लीटर पानी मिला दिया जाए, तो दूध और पानी का अनुपात 3:5 हो जाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 15

(b) 12

(c) 20

(d) 28

(e) 24

**Q59.** एक नाव की धारा की दिशा में गति 20 किमी/घंटा है और धारा की गति 4 किमी/घंटा है। नाव द्वारा धारा के विपरीत दिशा में 24 किमी की दूरी तय करने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

(a) 2

(b) 1.5

(c) 2.5

(d) 4

(e) 3.5

**Q60.** एक आयत की चौड़ाई उसकी लंबाई की आधी है। यदि परिमाप 60 सेमी है, तो क्षेत्रफल (वर्ग सेमी में) ज्ञात कीजिए।

(a) 100

(b) 200

(c) 150

(d) 120

(e) 300

**Direction (61–65):** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**Q61.** ?, 46, 71, 87, 96, 100

(a) 8

(b) 12

(c) 9

(d) 10

(e) 11

**Q62.** 218, 231, 253, 293, 369, ?

(a) 507

(b) 517

(c) 515

(d) 516

(e) 519

**Q63.** 1308, ?, 324, 160, 78, 37

(a) 652

(b) 762

(c) 682

(d) 672

(e) 632

**Q64.** 64, 71, 81, 96, ?, 149

(a) 116

(b) 112

(c) 118

(d) 122

(e) 120

**Q65.** 18, 57, 174, 525, 1578, ?

(a) 4737

(b) 4677

(c) 4697

(d) 4717

(e) 4767

**Direction (66 – 75) :** प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**Q66.** $12^2 + 16^2 + 7.5 \times 12 = ?^2 + \sqrt[3]{216}$

(a) 22

(b) 21

(c) 20

(d) 24

(e) 26

**Q67.** $3\frac{1}{7} + 5\frac{1}{14} - ? = 2\frac{1}{7}$

(a) $4\frac{1}{14}$

(b) $6\frac{1}{14}$

(c) $8\frac{1}{14}$

(d) $9\frac{1}{14}$

(e) $2\frac{1}{14}$

**Q68.** 37.5 का ? % + $12.5 \times 14 = 760$ का 25%

(a) 36

(b) 32

(c) 44

(d) 48

(e) 40

**Q69.** $1246 + 1567 - ? = 22^2 + \sqrt[3]{1000}$

(a) 2317

(b) 2315

(c) 2319

(d) 2313

(e) 2321

**Q70.** $\frac{783}{?} + 175.75 - 175.5 \div 6 = 190$

(a) 18

(b) 16

(c) 14

(d) 12

(e) 10

**Q71.** 55 का 56 % + 132.8 का ? % = $8^2$

(a) 20

(b) 15

(c) 25

(d) 5

(e) 10

**Q72.** $17.5 \times 16 + ? = 28^2 - \sqrt{576}$

(a) 440

(b) 420

(c) 410

(d) 480

(e) 460

**Q73.** $\frac{?}{32.5} + 32^2 +$ 317.5 का 80% $= 36^2$

(a) 565

(b) 580

(c) 575

(d) 585

(e) 582

**Q74.** $5.25 \times 18 + 12.25 \times 8 + ? = 14^2$

(a) 3.5

(b) 2.5

(c) 1.5

(d) 4.5

(e) 5.5

**Q75.** 2560 का 41% + 388.75 का 32% = $34^2$ + ?

(a) 16

(b) 18

(c) 14

(d) 12

(e) 10

**Q76.** 800 का 43% + 750 का 36% = 400 का ?%

(a) 168.5

(b) 15.35

(c) 153.5

(d) 145.4

(e) 144.3

**Q77.** 7777 ÷ 700 + 7777 ÷ 1100 – 5555 ÷ 500 = ?

(a) 9.09

(b) 8.08

(c) 7.07

(d) 10.03

(e) 6.07

**Q78.** 4345 + 5625 + 7125 – 3345 = ?

(a) 11,750

(b) 13,750

(c) 12,750

(d) 10,350

(e) 14,450

**Q79.** $\sqrt{80 \div 5 \times 8 + (17 \times 5) - 17} \div \sqrt[3]{343} = \sqrt[4]{?}$

(a) 36

(b) 32

(c) 25

(d) 16

(e) 49

**Q80.** $16,200$ का $\frac{7}{9}$ का $\frac{2}{3}$ का $\frac{4}{5} =?$ का $\frac{1}{6}$

(a) 40,320

(b) 34,240

(c) 36,420

(d) 32,320

(e) 48,340

## SOLUTIONS

**IBPS RRB Clerk Pre 2025 Memory Based Paper Based on 13th December 2nd Shift Sol.**

Directions (1-2):

**S1.** Ans. (a)
Sol.

**S2.** Ans. (e)
Sol.

**S3.** Ans. (a)
Sol.

Directions (4-8):
Sol.

**S4.** Ans. (a)

**S5.** Ans. (c)

**S6.** Ans. (e)

**S7.** Ans. (c)

**S8.** Ans. (e)

Directions (9-13):

**S9.** Ans. (b)
Sol. पहले: APE MEK SIP CUP HBN
बाद में: **CAPE** CMEK CSIP CCUP CHBN

**S10.** Ans. (d)
Sol. पहले: APE MEK SIP CUP HBN
बाद में : **AEP EKM IPS** CPU BHN
तीन

**S11.** Ans. (c)
Sol. पहले: APE MEK SIP CUP HBN
बाद में: **AQE** NEL TIQ DUQ **ICO**
दो

**S12.** Ans. (b)
Sol. पहले: APE MEK SIP CUP HBN
बाद में: APE CUP HBN **MEK** SIP

**S13.** Ans. (b)
Sol. पहले: APE MEK SIP CUP HBN
बाद में: PEA M**K**E SPI UPC NHB

**S14.** Ans. (b)
Sol. दो युग्म बनते हैं।

Directions (15-17):

**S15.** Ans. (e)

Sol. I. L ≤ O (असत्य)

II. J > N (असत्य)

**S16.** Ans. (b)

Sol. I. B ≤ F (असत्य)

II. E < G (सत्य)

**S17.** Ans. (d)

Sol. I. S < W (सत्य)

II. W ≥ T (सत्य)

Directions (18-20):

Sol.

**S18.** Ans. (d)

**S19.** Ans. (c)

**S20.** Ans. (b)

Directions (21-25):

Sol.

| मंजिल | फ्लैट P | फ्लैट Q |
|---|---|---|
| 3 | F | A |
| 2 | B | C |
| 1 | D | E |

S21. Ans. (b)

**S22.** Ans. (a)

**S23.** Ans. (a)

**S24.** Ans. (d)

**S25.** Ans. (e)

Directions (26-28):

Sol.

**S26.** Ans. (e)

**S27.** Ans. (c)

**S28.** Ans. (b)

**S29.** Ans. (d)

Sol. 628651924 – 986654221

6+5+2 = 13

**S30.** Ans. (e)

Sol. OPEN, PEON

Directions (31-35):

**S31.** Ans. (e)

Sol. दाएँ छोर से सातवाँ तत्व = 7, 7 के बाईं ओर से पाँचवाँ तत्व = @

**S32.** Ans. (a)

Sol. 4 + 0 + 7 + 3 + 5 + 8 = 27

**S33.** Ans. (b)

Sol. दाएँ छोर से पाँचवाँ अंक = 0, 0 के बाईं ओर से चौथा तत्व = &

**S34.** Ans. (d)

**S35.** Ans. (c)

Sol. 5 8 %, 3 7 #, 9 2 *, 3 5 &

Directions (36-40):

Sol.

| दिन | व्यक्ति |
|---|---|
| सोमवार | F |
| मंगलवार | B |
| बुधवार | A |
| गुरुवार | G |
| शुक्रवार | D |
| शनिवार | E |
| रविवार | C |

S36. Ans. (c)

**S37.** Ans. (b)

**S38.** Ans. (c)

**S39.** Ans. (c)

**S40.** Ans. (e)

**S41.** Ans. (e)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = $\frac{98+78}{2} = 88$

**S42.** Ans. (e)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = 82 – 60 = 22

**S43.** Ans. (a)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = $\frac{90}{55+45} \times 100 = 90\%$

**S44.** Ans. (a)

Sol.

दोषपूर्ण वस्तुएँ =$\frac{1}{6} \times 60 = 10$

दोषरहित वस्तुएँ =$\frac{5}{6} \times 60 = 50$

अभीष्ट उत्तर = 50 – 10 = 40

**S45.** Ans. (b)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = (78+55+90)- (45+60+82) = 223 – 187 = 36

**S46.** Ans. (b)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = 144 +84 : 72 = 228:72 = 19:6

**S47.** Ans. (c)

Sol.

C द्वारा बेची गई बोतलें = 84 का 150% = 126

अभीष्ट उत्तर = (126-120)/120 × 100 = 5%

**S48.** Ans. (c)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = $\frac{120+72}{48} \times 100 = 400\%$

**S49.** Ans. (a)

Sol.

A द्वारा बेचे गए नीले बैग = 144 – 55 = 89

अभीष्ट उत्तर = 89 – 72 = 17

**S50.** Ans. (e)

Sol.

अभीष्ट उत्तर = $\frac{144+48+72}{3} = 88$

**S51.** Ans (b)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

योजना X और योजना Y में बराबर राशि का निवेश किया गया है

योजना X: 3 वर्षों के लिए 10% वार्षिक साधारण ब्याज

योजना Y: 3 वर्षों के लिए 6% वार्षिक साधारण ब्याज

कुल अर्जित ब्याज = ₹4,800

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

साधारण ब्याज (SI) = (P × R × T) / 100

माना प्रत्येक योजना में निवेश = ₹P

कुल ब्याज = X से ब्याज + Y से ब्याज

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

माना प्रत्येक योजना में निवेश की गई राशि = ₹P

योजना X से ब्याज = $\frac{(P \times 10 \times 3)}{100} = \frac{30P}{100} = 0.3P$

योजना Y से ब्याज =$\frac{(P \times 6 \times 3)}{100} = \frac{18P}{100} = 0.18P$

कुल ब्याज = 0.3P + 0.18P = 0.48P

दिया गया है, 0.48P = 4800

=> P = 4800 / 0.48

=> P = 10,000

**S52.** Ans (b)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

कुल निवेश = 6000 रुपये

रिया और मीना ने मिलकर निवेश किया: रिया = R, मीना = (6000 - R)

मीना ने 6 महीने बाद अपनी पूंजी निकाल ली

वर्ष के अंत में लाभ-साझाकरण अनुपात = 1 : 1 (बराबर)

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

साझेदारी में लाभ का बंटवारा इन कारकों पर निर्भर करता है: **निवेश × समय**

रिया के लाभ का हिस्सा = R × 12

मीना के लाभ का हिस्सा = (6000 – R) × 6

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

रिया की पूंजी 12 महीने के लिए है:

रिया का हिस्सा = R × 12 = 12R

मीना की पूँजी 6 महीने के लिए है:

मीना का हिस्सा = (6000 – R) × 6 = 6(6000 – R)

चूँकि लाभ का हिस्सा बराबर है:

12R = 6(6000 – R)

दोनों पक्षों को 6 से भाग दें:

2R = 6000 – R

=> 2R + R = 6000

=> 3R = 6000

=> R = 2000

**S53.** Ans (a)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

प्लेटफ़ॉर्म पार करने में लगने वाला समय = 24 सेकंड

प्लेटफ़ॉर्म की लंबाई = ट्रेन की लंबाई + 80 मीटर

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

दूरी = गति × समय

जब कोई ट्रेन किसी प्लेटफॉर्म को पार करती है, तो दूरी = ट्रेन की लंबाई + प्लेटफॉर्म की लंबाई

मान लीजिए ट्रेन की लंबाई = L मीटर है, तो प्लेटफॉर्म = L + 80 मीटर

कुल दूरी = L + (L + 80) = 2L + 80

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

ट्रेन की गति = = 90 × $\frac{5}{18}$ =25 मीटर/सेकंड

समय = 24 सेकंड

तो,

दूरी = गति × समय = 25 × 24 = 600 मीटर

अब,

2L + 80 = 600

=> 2L = 600 – 80 = 520

=> L = 520 / 2 = 260 मीटर

**S54.** Ans (c)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

आय का अनुपात (रोहित : अमित) = 4 : 5

रोहित खर्च करता है:

किराए पर 25%

शेष का 20% किराने के सामान पर

शेष का 15% परिवहन पर

रोहित की बचत = 9,180 रुपये

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

माना रोहित की आय = 4x

**किराया**

4x का 25% = (25/100) × 4x = x

शेष = 4x – x = 3x

**किराने का सामान**

3x का 20% = (20/100) × 3x = 0.6x

शेष = 3x – 0.6x = 2.4x

**परिवहन**

2.4x का 15% = (15/100) × 2.4x = 0.36x

शेष (यानी बचत) = 2.4x – 0.36x = **2.04x**

दिया गया है: 2.04x = 9180

⇒ x = 9180 / 2.04 = 4500

तो, अमित की आय = 5x = 5 × 4500 = ₹ 22,500

**S55.** Ans (e)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

करण की वर्तमान आयु = 25 वर्ष

अर्जुन की आयु + करण की आयु = मोंटू की अभी की आयु

4 वर्ष पहले: अर्जुन की आयु = ½ × मोंटू की आयु

ज्ञात करना है: **अब से 1 वर्ष बाद** मोंटू की आयु

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

माना अर्जुन की वर्तमान आयु = A

मोंटू की वर्तमान आयु = A + 25

4 वर्ष पहले:

अर्जुन = A – 4

मोंटू = A + 25 – 4 = A + 21

शर्त: A – 4 = ½ × (A + 21)

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

समीकरण से:

A – 4 = 1/2(A + 21):

2A – 8 = A + 21

⇒ 2A – A = 21 + 8

⇒ A = 29

तो, अर्जुन की आयु = 29

मोंटू की अभी की आयु = अर्जुन + करण = 29 + 25 = 54

1 वर्ष बाद मोंटू की आयु = 54 + 1 = 55 वर्ष

**S56.** Ans (a)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

P को काम पूरा करने में लगने वाला समय = 18 दिन

Q को काम पूरा करने में लगने वाला समय = 27 दिन

P + Q + R मिलकर 9 दिन में काम खत्म करते हैं

काम पूरा करने के लिए R का व्यक्तिगत समय निकालना आवश्यक है।

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

माना कुल कार्य = 54 इकाई

P का 1 दिन का काम = 54 / 18 = 3 इकाई

Q का 1 दिन का काम = 54 / 27 = 2 इकाई

P + Q = 3 + 2 = 5 इकाई/दिन

P + Q + R मिलकर= 54 / 9 = 6 इकाई/दिन

तो, R का 1 दिन का काम = 6 – 5 = 1 इकाई/दिन

अतः, अकेले R को लगेंगे = 54 / 1 = 54 दिन

**S57.** Ans (c)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

अंकित मूल्य (MP) = क्रय मूल्य (CP) से 40% अधिक

छूट = MP पर 25%

लाभ = 60 रुपये

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

MP = CP × (1 + मार्कअप%)

SP = MP × (1 – छूट%)

लाभ = SP – CP

दी गई छूट = MP – SP

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

मान लीजिए कि क्रय मूल्य (CP) = 100 रुपये (सरल करने के लिए माना गया है)

तो,

अंकित मूल्य (MP) = 100 + 100 का 40% = 140 रुपये

छूट = अंकित मूल्य का 25% = 140 का 25% = 35 रुपये

विक्रय मूल्य (SP) = अंकित मूल्य – छूट = 140 – 35 = 105 रुपये

लाभ = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य = 105 – 100 = 5 रुपये (क्रय मूल्य 100 रुपये पर)

अब, यदि 5 रुपये का लाभ 60 रुपये के वास्तविक लाभ के बराबर है, तो:

सभी राशियों को (60 / 5) से गुणा करें = 12

तो,

वास्तविक छूट = 35 × 12 = 420 रुपये

**S58.** Ans (e)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

दूध और पानी का प्रारंभिक अनुपात (दूध : पानी) = 3 : 2

कुल मिश्रण = 40 लीटर

**x लीटर** पानी मिलाने के बाद , नया अनुपात 3 : 5 हो जाता है

x का मान ज्ञात करना है

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

अनुपात से:

$$\frac{24}{16+x}=\frac{3}{5}$$

$$5\times 24=3\times(16+x)$$

$\Rightarrow 120=48+3x$

$\Rightarrow 3x=72$

$$\Rightarrow x=24$$

**S59.** Ans (a)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

धारा के अनुकूल गति = 20 किमी/घंटा

धारा की गति = 4 किमी/घंटा

धारा के विपरीत तय की जाने वाली दूरी = 24 किमी

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

धारा के अनुकूल गति = शांत जल में नाव की गति + धारा

की गति

धारा के प्रतिकूल गति = शांत जल में नाव की गति – धारा की गति

समय = दूरी / गति

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

शांत जल में नाव की गति = धारा के अनुकूल – धारा = 20 – 4 = 16 किमी/घंटा

धारा के प्रतिकूल गति = 16 – 4 = 12 किमी/घंटा

समय = $\frac{24}{12}$= 2 घंटे

**S60.** Ans (b)

Sol.

**प्रश्न में दी गई जानकारी:**

आयत का परिमाप = 60 सेमी

चौड़ाई = 1/2 × लंबाई

**प्रश्न में प्रयुक्त अवधारणा/सूत्र:**

आयत का परिमाप = 2 × (लंबाई + चौड़ाई)

आयत का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई

**विस्तृत स्पष्टीकरण:**

माना आयत की लंबाई = $L$ सेमी

तो, चौड़ाई =$\frac{1}{2}L$

प्रश्न से,

$2\left(L+\frac{1}{2}L\right)=60$

$\Rightarrow 2\times\frac{3}{2}L=60$

$\Rightarrow 3L=60$

$\Rightarrow L=20$ सेमी

चौड़ाई = $\frac{1}{2}\times 20=10$ सेमी

अभीष्ट क्षेत्रफल $= L\times B=20\times 10=200$ सेमी$^2$

**S61.** Ans.(d)
Sol.

**S62.** Ans.(b)
Sol.

**S63.** Ans.(a)
Sol.

**S64.** Ans.(c)
Sol.

**S65.** Ans.(a)
Sol.

**S66.** Ans.(a)
Sol.
144 + 256 + 90 = $?^2$ + 6
490 = $?^2$ + 6
$?^2$ = 484
? = 22

**S67.** Ans.(b)
Sol.
$(3+5-2)+\frac{2+1-2}{14}$

$= 6\frac{1}{14}$

**S68.** Ans.(e)
Sol.
$\frac{?}{100} \times 37.5 + 175 = \frac{25}{100} \times 760$
$\frac{?}{100} \times 37.5 = 190 - 175$
$? = \frac{1500}{37.5}$
? = 40

**S69.** Ans.(c)
Sol.
2813 – ? = 484 + 10
? = 2813 – 494
? = 2319

**S70.** Ans.(a)
Sol.
$\frac{783}{?} = 190 + 29.25 - 175.75$
$? = \frac{783}{43.5}$
? = 18

**S71.** Ans.(c)
Sol.
$\frac{56\times55}{100} + \frac{?}{100} \times 132.8 = 64$
$30.8 + \frac{?}{100} \times 132.8 = 64$
$? = \frac{33.2\times100}{132.8}$
? = 25

**S72.** Ans.(d)
Sol.
280 + ? = 784 – 24
? = 760 – 280
? = 480

**S73.** Ans.(d)
Sol.
$\frac{?}{32.5} + 1024 + \frac{80}{100} \times 317.5 = 1296$
$\frac{?}{32.5} = 1296 - 1024 - 254$
$\frac{?}{32.5} = 18$
?= 585

**S74.** Ans.(a)
Sol.
94.5 + 98 + ? = 196
? = 196 – 192.5
? = 3.5

**S75.** Ans.(b)
Sol.
$\frac{41}{100} \times 2560 + \frac{32}{100} \times 388.75 = 1156 + ?$
1049.6 + 124.4 – 1156 = ?
? = 1174 – 1156
? = 18

**S76.** Ans.(c)
Sol.
$?\times \frac{400}{100} = \frac{43}{100} \times 800 + \frac{36}{100} \times 750$
$\Rightarrow ? = \frac{614}{4} = 153.5$

**S77.** Ans.(c)
Sol.
? = 11.11 + 7.07 – 11.11 = 7.07

**S78.** Ans.(b)
Sol.
? = 17095 – 3345 = 13,750

**S79.** Ans.(d)
Sol.
$\sqrt[4]{?} = \sqrt{196} \div 7$
$= 14 \div 7 = 2$
$\Rightarrow ? = 2^4 = 16$

**S80.** Ans.(a)
Sol.
$\frac{1}{6} \times ? = \frac{4}{5} \times \frac{2}{3} \times \frac{7}{9} \times 16200$
$\Rightarrow ? = 40,320$